कर्मचारी राज्य बीमा निगम
(श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार)
EMPLOYEES' STATE INSURANCE CORPORATION
(Ministry of Labour & Employment, Govt. of India)

क्षेत्रीय कार्यालय/Regional Office
पंचदीप भवन,ई.डी.सी.प्लॉट सं.23,पाट्टो,पणजी,गोवा-403001
Panchdeep Bhavan, EDC Plot No. 23, Patto, Panaji, Goa-403001
Phone: 0832-2438853 ई-मेल/E-mail :rd-goa@esic.nic.in,
वेबसाइट/Website : www.esic.nic.in
Toll free no-1800-11-2526/3839 Fax No-0832-2438858

संख्या- 32/ए-49/ 12 /01/2023-रा.भा.

दिनांक: 02.07.2024

# परिपत्र

**विषय:- क्षेत्रीय कार्यालय, गोवा की हिन्दी गृह पत्रिका- गोमन्त ज्योति के अगले अंक के लिए रचनाएँ आमंत्रित करने के संबंध में।**

क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, गोवा की हिन्दी गृह पत्रिका गोमन्त ज्योति का आगामी अंक शीघ्र ही प्रकाशित किया जाना है जिसके लिए क्षेत्रीय कार्यालय गोवा तथा उसके अधीनस्थ सभी शाखा कार्यालयों के कार्मिकों से उनकी रचनाएँ पुनः आमंत्रित की जाती हैं। सभी कार्मिक इस पत्रिका में प्रकाशनार्थ निबंध, संस्मरण, कविता, लघुकथा, हास्य-व्यंग्य, विभिन्न आयोजनों की रिपोर्ट एवं छाया-चित्र, निगम की कार्य-पद्धति, क.रा.बी.निगम में अपने कार्यालयीन कार्य से संबन्धित अनुभव एवं राजभाषा हिन्दी से संबन्धित लेख आदि दिनांक 22.07.2024 तक राजभाषा शाखा, क्षेत्रीय कार्यालय गोवा को भेजने का श्रम करें।

क्षेत्रीय निदेशक(प्रभारी) के निदेशानुसार विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन के सभी सदस्यों को गोमन्त ज्योति के आगामी अंक के लिए एक-एक रचना देनी अनिवार्य है। साथ ही शाखा कार्यालयों के प्रबन्धक भी पत्रिका के लिए लेख अवश्य दें।

इसके अतिरिक्त, समिति के सभी सदस्यों तथा शाखा कार्यालय प्रबन्धकों से अनुरोध है कि वे अपनी-अपनी शाखा/ शाखा कार्यालय में पदस्थ कार्मिकों को पत्रिका के लिए लेख देने हेतु प्रोत्साहित करें।

रचनाए फुलस्केप पेपर पर टंकित अथवा स्पष्ट अक्षरों में हाथ से लिखी होनी चाहिए। रचनाएँ मौलिक होनी चाहिए तथा उनसे कॉपी राइट एक्ट का उल्लंघन नहीं होना चाहिए। कृपया रचनाएँ मौलिक होने संबंधी संलग्न प्रमाणपत्र तथा पासपोर्ट साइज़ की अपनी फोटो भी भेजें।

**भवदीय,**

**संलग्नक: यथोपरि।**

(हस्ताक्षर)

**(हेमंत कुमार)**
**उप निदेशक(राजभाषा(प्रभारी))**

**प्रति:-**

1. वैयक्तिक सहायक प्रकोष्ठ, क्षेत्रीय कार्यालय, क.रा.बी.निगम, पणजी, गोवा को सूचनार्थ प्रेषित।
2. क्षेत्रीय कार्यालय, गोवा के सभी अधिकारी/ सभी कार्मिक।
3. सभी शाखा प्रबन्धक/ सभी कार्मिक, शाखा कार्यालय वास्को/ फॉण्डा/ महाप्सा/ मडगांव/ पणजी, गोवा।
4. वेबसाइट सामग्री प्रबन्धक को इसे क.रा.बी.निगम की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।